हरिभूमि

# सीहोर भूमि फ्रंट पेज

भोपाल, रविवार 28 दिसंबर 2025




04 जब आवै संतोष धन, सब धन धूरि समान : संत गोविंद





07 अवैध कब्जे, भूमि विवाद व राष्ट्रीय एकरूप कानूनों की...



## खबर संक्षेप

### कुबेरेश्वरधाम पर हर दिन पहुंच रहे हजारों की संख्या में श्रद्धालु

**सीहोर।** जिला मुख्यालय के समीपस्थ प्रसिद्ध कुबेरेश्वरधाम में अवकाश के दिनों में प्रतिदिन हजारों की संख्या में श्रद्धालु दर्शन करने आ रहे है। शनिवार को भी 50 हजार से अधिक श्रद्धालुओं धाम पर पहुंचे। धाम पर विठलेश सेवा समिति की ओर से पंडित विनय मिश्रा, पंडित समीर शुक्ला सहित अन्य ने यहां पर आने वाले श्रद्धालुओं को भोजन प्रसादी का वितरण किया। इसके अलावा छत्तीसगढ़ से लौटकर आए कथा वाचक पंडित राघव मिश्रा ने यहां पर मौजूद श्रद्धालुओं से चर्चा की। हर साल यहां पर अवकाश के दिनों में हजारों की संख्या में श्रद्धालु दर्शन के लिए आते है। वहीं फरवरी में होने वाले भव्य रुद्राक्ष महोत्सव की तैयारियां महाकुंभ की तर्ज पर चल रही है। कथा वाचक पंडित राघव मिश्रा ने अपने संदेश में कहाकि अच्छी सोच, अच्छी भावना और अच्चे विचार, ये तीनों जीवन में सुख-शांति के लिए बहुत जरुरी है। सत्संग और भजन में दिल लगाना बहुत ज़रूरी है क्योंकि यह मन को पवित्र करता है, एकाग्रता बढ़ाता है, और हमें जीवन के वास्तविक उद्देश्य ईश्वर प्राप्ति की ओर ले जाता है, सांसारिक मोह-माया से दूर करता है, और सकारात्मक ऊर्जा व शांति प्रदान करता है, जिससे अंतरात्मा जागृत होती है।

### एनएचएआई ने बदला ठेकेदार, क्या अब बदलेगी सड़क की तस्वीर, करोड़ों रुपए खर्च करने के बाद भी हालात जस के तस

# सिस्टम का 'गड्ढा' तंत्रः कलेक्टर के आदेश हवा, अब तीसरी के भरोसे भैरुंदा-संदलपुर मार्ग की किस्मत

स्थानीय लोगों के अनुसार पिछले 3 वर्षों में दो अलग-अलग कंपनियों ने करोड़ों रुपये खर्च कर भैरुंदा से संदलपुर तक पेचवर्क और इटावा कला से बड़नगर तक सड़क निर्माण किया।





हरिभूमि न्यूज ⏭ भैरुंदा

सरकारी कागजों में सडक़ें चकाचक करने के लिए करोड़ों के बजट आवंटित होते हैं, लेकिन भैरुंदा-गोपालपुर-संदलपुर मुख्य मार्ग की जमीनी हकीकत भ्रष्टाचार और प्रशासनिक लापरवाही की गवाही दे रही है। आलम यह है कि पिछले तीन साल में दो कंपनियां करोड़ों रुपए डकार चुकी हैं, लेकिन सडक़ की सूरत नहीं बदली। अब तीसरी कंपनी को पैचवर्क और मरम्मत की जिम्मेदारी सौंपी गई है। बड़ा सवाल यह है कि जब जिले के मुखिया (कलेक्टर) के निर्देश भी दो महीने तक ठंडे बस्ते में पड़े रहें, तो आम जनता की सुध कौन लेगा।

बता दें 24 अक्टूबर को कलेक्टर बालागुरु के. ने स्वयं इस मार्ग का निरीक्षण किया था। खस्ताहाल सडक़ और जानलेवा गड्ढों को देख उन्होंने तत्काल मरम्मत के निर्देश दिए थे। लेकिन अफसोस कलेक्टर के आदेश के 60 दिन बाद भी विभाग की नींद नहीं खुली। रोजाना हजारों की संख्या में किसान, छात्र और मजदूर इसी मार्ग से गुजरने को मजबूर हैं, जहां हर कदम पर दुर्घटना का अंदेशा बना रहता है।

**कंपनियों का खेल, काम कम, कागज ज्यादा मजबूत :** इस मार्ग पर गुणवत्ता के नाम पर जो खिलवाड़ हुआ है, वह जांच का विषय है। पहले 'बिंदल कंस्ट्रक्शन' और फिर 'गोपालश्री भोपाल' ने पैचवर्क और निर्माण के नाम पर भारी-भरकम भुगतान लिया। लेकिन निर्माण इतना घटिया रहा कि पहली बारिश भी नहीं झेल पाया। ग्रामीण आरोप लगा रहे हैं कि ठेकेदारों और विभागीय अधिकारियों की जुगलबंदी के चलते जनता की गाढ़ी कमाई के टैक्स का पैसा गड्ढों में बहाया जा रहा है।

#### अब 'अनीस इंफ्रा' के कंधों पर भरोसा

पुरानी कंपनियों की विफलता के बाद अब एनएच-146बी के सेकंड फेज का काम देख रही अनीस इंफ्रा को मरम्मत और इटावा कला से बडऩगर तक की सडक़ निर्माण का जिम्मा दिया गया है। एनएचएआई के इंजीनियर नीरज सराठे का दावा है कि जल्द काम शुरू होगा। हालांकि लोग अब दावों पर भरोसा करने को तैयार नहीं हैं।

#### ग्रामीणों ने दी आंदोलन की चेतावनी

सडक़ की बदहाली से आक्रोशित स्थानीय नागरिकों ने अब आर-पार की लड़ाई का मन बना लिया है। ग्रामीणों की मांग है कि पिछले तीन वर्षों में हुए कार्यों की निष्पक्ष तकनीकी जांच हो और दोषी ठेकेदारों को ब्लैक लिस्ट किया जाए। लोगों ने अल्टीमेटम दिया है कि यदि एक सप्ताह के भीतर मशीनें जमीन पर नहीं उतरीं तो चक्काजाम और उग्र जन आंदोलन किया जाएगा।

#### अब अनीस इंफ्रा को जिम्मेदारी

पुरानी कंपनियों को उनके खराब प्रदर्शन के कारण हटाया गया है। अब अनीस इंफ्रा कंपनी को जिम्मेदारी दी गई है। जल्द ही पैचवर्क और सडक़ निर्माण का कार्य धरातल पर शुरू करा दिया जाएगा।

**नीरज सराठे,** इंजीनियर एनएचएआई

## बीएसआई मैदान को विधायक सुदेश राय ने दिया रोलर खिलाड़ियों को पिच समतलीकरण करने में मदद मिलेगी




हरिभूमि न्यूज ⏭ भैरुंदा

जिला क्रिकेट एसोसिएशन के अध्यक्ष विधायक सुदेश राय ने सीहोर के बीएसआई खेल मैदान के लिए निजी निधि से चार लाख रुपए का रोलर प्रदान किया है। यह रोलर मैदान के समतलीकरण और पिच के रखरखाव के लिए उपयोग किया जाएगा, जिससे आगामी दिनों में मैदान की दुरुस्तीकरण का कार्य जारी रहेगा। इस मौके पर उन्होंने कहाकि हमारे शहर में अनेक क्रिकेटर ऐसे है जिन्होंने क्षेत्र का नाम अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर रोशन किया है। मैदान पर जो कार्य किए जा रहा है। यहां पर सीनियर खिलाड़ियों के अलावा एसोसिएशन के पदाधिकारियों की टीम की बदौलत है। इस मौके पर एसोसिएशन के सचिव अतुल तिवारी, कोषाध्यक्ष वीरु वर्मा और कोतवाली थाना प्रभारी रविन्द्र यादव सहित अन्य ने एसोसिएशन के अध्यक्ष विधायक श्री राय का आभार व्यक्त किया।

इस अवसर पर विधायक राय ने कहा कि खेल प्रतिभाओं को तराशने और बढ़ावा देने की आवश्यकता है। उन्होंने जोर दिया कि ऐसी प्रतिभाओं को पहचान कर उन्हें मंच प्रदान करने से ही अच्छे खिलाड़ी तैयार हो सकते हैं। उन्होंने बीएसआई मैदान को क्रिकेटरों के लिए एक आदर्श स्थान बताया, जहां प्रदेश और देश के अंतर्राष्ट्रीय खिलाड़ी खेलना पसंद करते हैं।श्री राय ने खिलाड़ियों के लिए हर समय मदद के लिए तत्पर रहने की बात कही। इस दौरान, मध्य प्रदेश क्रिकेट एसोसिएशन के तत्वावधान में हाल ही में आयोजित जिला स्तरीय क्रिकेट प्रतियोगिता में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले खिलाड़ियों को भी सम्मानित किया गया। विधायक ने कहा कि यह पहल क्षेत्र के प्रतिभावान खिलाड़ियों के चयन के लिए एक सुनहरा अवसर है, जिससे शहरी और ग्रामीण दोनों क्षेत्रों के खिलाड़ी लाभान्वित होंगे। उन्होंने खिलाड़ियों से अपनी रुचि के खेलों में कड़ी मेहनत करने और अपने प्रदर्शन से माता-पिता, गांव, जिले और राज्य का नाम रोशन करने का आग्रह किया। डीसीए के मीडिया प्रभारी प्रियांशु दीक्षित ने बताया कि गत दिनों अंडर-18 की सीहोर टीम ने विदिशा में लगातार तीन मैच और दो सुपर फाइनल मैच में जीत दर्ज की है, हमारे सीहोर की टीम ने भोपाल-राजगढ़ को सुपर फाइनल में बढ़त के आधार पर जीत दर्ज की, इसके अलावा विदिशा, रायसेन और राजगढ़ को लीग मुकाबले में बड़े अंतर से हराया। इस अवसर पर एसोसिएशन के सुरेन्द्र रल्हन, इरफान हुसैन, आशीष गोयल, मनोज दीक्षित मामा, नवनीत तोमर, अतुल जैन, अनिल राय, नागेन्द्र व्यास, कमलेश पारोचे, अतुल कुशवाहा, अतुल त्रिवेदी, आशीष शर्मा, महेन्द्र शर्मा, मदन कुशवाहा, वरुण शर्मा मौजूद रहे।

## सीजन का सबसे घना कोहरा विजिबिलिटी कम हुई, न्यूनतम तापमान 5 डिग्री सेल्सियस दर्ज



हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर

सीहोर जिले में शनिवार को इस सीजन का सबसे घना कोहरा छाया रहा। इसके कारण विजिबिलिटी काफी कम हो गई, जिससे सड़कों पर 30 फीट से आगे देखना भी मुश्किल हो गया। जिले का न्यूनतम तापमान 5 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। सुबह के समय सड़कों पर वाहनों की आवाजाही काफी कम रही। खेतों में ओस और कोहरा देखा गया। इस साल ठंड के सीजन में सीहोर जिले में इतना घना कोहरा पहले नहीं देखा गया था।जानकारी के अनुसार, इस सीजन का सबसे न्यूनतम तापमान 17 दिसंबर को 3.9 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया था। बीते पांच दिनों के तापमान पर गौर करें तो 22 दिसंबर को 7.5, 23 दिसंबर को 6.5, 24 दिसंबर को 7.0, 25 दिसंबर को 7.0 और 26 दिसंबर को 5.8 डिग्री सेल्सियस तापमान रिकॉर्ड किया गया था।

मौसम विभाग ने बताया है कि आगामी दिनों में ठंड का प्रभाव और बढ़ेगा। वर्तमान में हवाओं की दिशा उत्तर से बनी हुई है, जिसके कारण ठंडी और बर्फीली हवाएं लगातार सीहोर में प्रवेश कर रही हैं। इससे न्यूनतम तापमान में और गिरावट आने की संभावना है।

## 31 को एसडीएम कार्यालय के समक्ष पीड़ित दलित करेंगे भूख हड़ताल



**सीहोर।** नरेन्द्र खंगराले जाटव दलित चिंतक ने बताया कि ग्राम फूल मोगरा के दलित परिवार जिन्हें सन्‌ 2001 में सरकार द्वारा 12 एकड़ के लगभग कृषि भूमि का पट्टा दिया गया था। उक्त भूमि जो कि अहस्थांतरणीय है, जिस पर कूट चरित दस्तावेज तैयार कर मो.शकील उर्फ आमीन मोलाना, सलीम बैग, बसीर बैग तथा फरीदा कुरैशी द्वारा कूट रचित दस्तावेज तैयार कर बिना कलेक्टर की अनुमति लिये कब्जा कर लिया गया है। जिसकी शिकायत होने पर सीहोर जिला अदालत के गृह विभाग केन्द्र सरकार, मध्य प्रदेश सरकार द्वारा अनावेदकगणों के विरूद्ध धारा 420 अनुसूचित जाति अत्याचार अधीनियम व अन्य धाराओं के विरूद्ध मण्डी थाना ग्रामीण को एफआई आर किये जाने के स्पष्ट निर्देश दिये गये थे तथा उक्त प्रकरण में सीएम हेल्पलाईन पर भी शिकायत की गई है, किन्तु मण्डी थाने द्वारा एफआईआर नही की गई है। पीड़ित दलित कैलाश मालवीय, राजाराम मालवीय, जीवन मालवीय पिता स्व.फकीरचन्द, महेश पिता नन्द किशोर मालवीय द्वारा कलेक्टर, एसपी, एसडीएम से न्याय के लिये छःमाह से गुहार लगाई जा रही है। परेशान होकर दलित परिवार ने दिनांक 31 दिसम्बर 2025, दिन बुधवार को प्रातः 11 बजे एसडीएम कार्यालय सीहोर के समक्ष अफआईआर कराने को लेकर भूख हड़ताल प्रारंभ करने का निर्णय लिया, जिसे लेकर पीड़ित परिवार जो गांव छोडक़र स्वदेश नगर में निवासरत है। भूख हड़ताल को लेकर मध्य प्रदेश अ.जा.ज.पि.अ.कल्याण परिषद के प्रदेश महामंत्री तत्कालीन पार्षद नरेन्द्र खंगराले जाटव दलित चिंतक अध्यक्ष सेवादल कांग्रेस जिला सीहोर, शहर कांग्रेस कमेटी सीहोर के अध्यक्ष घनश्याम यादव पार्षद, वरिष्ठ कांग्रेस नेता विवक राठौर पार्षद, म.प्र.महिला कांग्रेस कमेटी के प्रदेश सचिव तत्कालीन पार्षद आरती नरेन्द्र खंगराले के साथ ज्ञापन सौंपकर अपनी पीड़ा का इजहार किया साथ ही स्वदेश नगर की अन्य महिलाओं द्वारा श्हरी क्षेत्र के आवास पट्टे प्रदान की भी बात कही गई। इस अवसर पर प्रमुख रूप से महेश कुमार पत्रकार, दीपक सोनकर, धर्म प्रकाश आर्य, पन्नालाल खंगराले, नन्द किशोर मालवीय पूर्व सरपंच, जांगड़ा समाज अध्यक्ष रामचरण दसलानिया, प्रेम नारायण परमार, प्रदेश उपाध्यक्ष मालवीय बलाई एकता समिति नारायण सिंह परमार, परमल अहिरवार, फूलसिंह अहिरवार, देवीसिंह बनवारी, नारायण भील, शिव नारायण प्रजापति, चरण प्रजापति, बाबु अहिरवार, सुनीता मालवीय, सावित्री बाई अहिरवार, पिंकी मालवीय, अरूण मालवीय, सीमा देसाई, मनीषा मोर्य आदि उपस्थित रहे।

### भाजपा का विधानसभा सीहोर स्तरीय कार्यकर्ता सम्मेलन आयोजित, कई निर्णय लिए गए

# भाजपा में सर्वोपरि कार्यकर्ता है, कार्यकर्ताओं के सम्मान को कभी आंच नहीं आने देंगेः सुदेश राय

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर



कार्यकताओं को संबोधित करते हुए विधायक सुदेश राय ने विधानसभा क्षेत्र के हर गांव पंचायत नगर शहर में हुए अरबों रूपये के निर्माण कार्य की विस्तार पूर्वक जानकारी दी। उन्होने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी,पूर्व मुख्यमंत्री एवं केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान, मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव के द्वारा संचालित जनहित की अनेक योजनाओं की जानकारी कार्यकर्ताओं को दी। योजनाओं को जनजन तक पहुंचाकर लाभ दिलाने के लिए भी कार्यकर्ताओं को प्रेरित किया। विधायक राय ने कार्यकर्ताओं को भाजपा में सर्वोपरि बताते हुए हमेशा कार्यकर्ताओं के सम्मान की रक्षा करने का संकल्प दोहराया।

भारतीय जनता पार्टी के संस्थापक पंडित दीनदयाल उपाध्याय जन्मशताब्दी वर्ष के उपलक्ष्य में शुक्रवार को क्रिसेंट ग्रीन सभागार में विधानसभा स्तरीय कार्यकर्ता सम्मेलन का आयोजन किया गया। कार्यकर्ता सम्मेलन के मुख्य अतिथि विधायक सुदेश राय एवं मुख्य वक्ता देवास जिला प्रभारी पूर्व भाजपा जिलाध्यक्ष रघुनाथ भाटी रहे। कार्यकर्ता सम्मेलन का शुभारंभ भाजपा जिलाध्यक्ष नरेश मेवाड़ा पूर्व भाजपा जिलाध्यक्ष सीताराम यादव, जिला महामंत्री रवि नागले,वरिष्ठ भाजपा नेता गौरव सन्नी महाजन के द्वारा पं दीनदयाल उपाध्याय पं श्यामा प्रसाद मुखर्जी भारत माता के चित्र पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्ज्वलित कर किया गया। जिला महामंत्री राजकुमार गुप्ता ने स्वागत भाषण दिया। भाजपा मंडल सीहोर अध्यक्ष सुदीप प्रजापति, श्यामपुर मंडल अध्यक्ष अजय ठाकुर, दोराहा मंडल अध्यक्ष सुरेश विश्वकर्मा, देवीपुरा मंडल अध्यक्ष प्रीतम गौर द्वारा फूल मालाऐं पहनाकर गुलदस्ता भेंटकर अतिथियों का स्वागत किया गया।

विधायक सुदेश राय ने कहा कि शहर में लगभग 28 करोड़ की लागत से और भी विकास कार्य होंगे। फिर से काम जोरदार और शानदार किया जाएगा। यह काम शहर में भी होगा और गाँवों में भी होगा; यह आपके हित और आपके विकास के लिए होगा। शहर के आसपास अब सड़कों का जाल बन गया है, चाहे शहर हो या ग्रामीण क्षेत्र,अब यहाँ ऐसी कोई सड़क नहीं बची है जो फोरलेन नहीं हो। विधायक सुदेश राय ने कहा कि एक और बड़ी उपलब्धि है जहाँ बहुत सारे श्रद्धालु आते थे और जो सीहोर का नाम रोशन कर रहे हैं, ऐसे पंडित प्रदीप मिश्रा के अनगिनत श्रद्धालु हैं जो देश के कोने-कोने से यहाँ आते हैं उनके लिए हमने मंत्री पेट्रोल पंप से लेकर गणेश मंदिर चौराहा और वहाँ से सीधे स्टेशन तक फोर-लेन सड़क निर्माण की स्वीकृति वर्तमान मुख्यमंत्री से प्राप्त कर ली है। नई सड़कें बन रही हैं, आप भी देख रहे होंगे कि सड़कों का जाल बिछाया जा रहा है।

मुख्य वक्ता रघुनाथ भाटी ने पंडित दीनदयाल उपाध्याय और पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी के जीवन पर विस्तार पूर्वक प्रकाश डाला। उन्होने कहा कि जनसंघ से भारतीय जनता पार्टी तक का सफर काफी संघर्ष भरा रहा है। आज हमें दुनिया की सबसे बड़ी राजनीतिक पार्टी के रूप में पहचाना जा रहा है यह हमारे मार्गदर्शक वरिष्ठजनों की मेहनत का ही प्रतिफल है। कार्यक्रम को भाजपा जिलाध्यक्ष नरेश मेवाड़ा ने भी संबोधित किया उन्होने कहा कि बूथ लेवल तक पार्टी को मजबूत रखना ही लक्ष्य है और कार्यकर्ता भाजपा की जान के सामान है। भाजपा कार्यकर्ता सम्मेलन का संचालन रमांकात समाधिया और आभार जिला पंचायत सांसद प्रतिनिधि मायाराम गौर के द्वारा व्यक्त किया।

## शासकीय स्कूल के 105 बच्चों को किए खेल ड्रेस वितरित



**सीहोर।** सीहोर जिला मुख्यालय के ग्राम महुआखेड़ी के शासकीय माध्यमिक शाला में जिला परियोजना समनव्यक एपीसी चन्द्रशेखर वर्मा के मुख्य आतिथ्य में एवं संकुल प्राचार्य शा.उमावि सुभाष के आशीष शर्मा के विशेष अतिथ्य में ग्राम महुआखेड़ी तकीपुर निवासी प्रभात मावीय, माता चन्दा मालवीय के द्वारा उनकी स्वर्गीय सुपुत्री तनुजा मालवीय के जन्मदिन के उपलक्ष्य में हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी शाला के 105 बच्चों को लोवर, टी-शर्ट एवं बिस्कुट का वितरण किया गया। इस नेक कार्य की सभी अतिथियों, शालापरिवार एवं ग्रामवासियों ने सराहना की।

इसमें डॉ. आर.के.वर्मा, मनोहर लाल वर्मा, कैलाश मालवीय, आर्यन, कोमल मालवीय, पी.के.शर्मा, के.के.जमटानी, राजेश तिवारी, सतीष त्यागी, गोवर्धन सिंह, सरिता ठाकुर, प्रार्थना गुप्ता, साक्षी पालीवाल एवं ग्रामीणजनों में राजेश परमार, कालुराम भारती, माखन सिंह, नर्बदी बाई, आरती, पारस बाई एवं बड़ी संख्या में बच्चे उपस्थित रहे।

## खबर संक्षेप



### जिले में 527 गर्भवती महिलाओं की जांच

**सीहोर।** प्रधानमंत्री सुरक्षित मातृत्व अभियान (पीएमएसएमए) के अंतर्गत 26 दिसंबर को जिले में गर्भवती महिलाओं को निःशुल्क एवं गुणवत्तापूर्ण प्रसव पूर्व स्वास्थ्य सेवाएं प्रदान की गईं। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी जिला सीहोर डॉ. सुधीर कुमार डेहरिया ने बताया कि गर्भावस्था के दौरान महिलाओं की सुरक्षा सुनिश्चित करने तथा संस्थागत प्रसव को बढ़ावा देने के उद्देश्य से प्रत्येक माह की 9 एवं 25 तारीख को जिले के समस्त स्वास्थ्य केंद्रों पर यह सेवाएं दी जाती हैं। अभियान के तहत शुक्रवार को 527 गर्भवती महिलाओं की स्वास्थ्य जांच की गई, जिनमें से 176 महिलाओं को उच्च जोखिम वाली गर्भवती के रूप में चिन्हित किया गया। योजना अंतर्गत गर्भवती महिलाओं को निःशुल्क जांच, आवश्यक दवाइयाँ एवं चिकित्सकीय परामर्श उपलब्ध कराया गया, वहीं उच्च जोखिम वाली गर्भवती महिलाओं की विशेष देखभाल की व्यवस्था की गई। प्रसव के दौरान किसी भी प्रकार की जटिल स्थिति उत्पन्न होने पर उन्हें उच्च चिकित्सा संस्थानों में रैफर करने की सुविधा भी प्रदान की जाती है। इसके अतिरिक्त, गर्भवती महिलाओं को स्वास्थ्य जांच के लिए निःशुल्क पिकअप एवं ड्रॉप की सुविधा भी उपलब्ध कराई जा रही है, जिससे उन्हें समय पर और सुरक्षित स्वास्थ्य सेवाओं का लाभ मिल सके।

### ठंडी व शीतलहर से बचाव के लिए स्वास्थ्य विभाग की अपील


**सीहोर।** शीतलहर और अत्यधिक ठंड के मद्देनजर स्वास्थ्य विभाग द्वारा नागरिकों को सतर्क रहने की सलाह दी गई है। स्थानीय स्तर पर उपलब्ध संचार माध्यमों से मौसम संबंधी पूर्वानुमानों की नियमित जानकारी रखने और उनका पालन करने को कहा गया है। शीतलहर के दौरान अनावश्यक यात्रा से बचने, घर के अंदर रहने तथा ठंड में लंबे समय तक बाहर न रहने की अपील की गई है।

### भागवत कथा में उमड़ा आस्था का सैलाब, धूमधाम से मनाया भगवान का जन्मोत्सव

# जब आवै संतोष धन, सब धन धूरि समान : संत गोविंद जाने

मनुष्य के मन में संतोष होना स्वर्ग की प्राप्ति से भी बढ़कर है। यदि मन में संतोष भली-भांति प्रतिष्ठित हो जाए तो उससे बढ़कर संसार में कुछ भी नहीं है।

हरिभूमि न्यूज ⏭ भैरुंदा





जो परमसुख चाहने वाला हो उसे परम संतोषी होना चाहिए, क्योंकि संतोष ही समस्त सुखों का मूल है और लोभ समस्त दुखों का मूल कारण। जब आवै संतोष धन, सब धन धूरि समान, सबसे बड़ा धन संतोष का, अच्छे व्यवहार का है। अगर आपका व्यवहार अच्छा है तो आप जगत के सबसे बड़े धनी है। आप दूसरों को देखकर नहीं जिओ, अपने से छोटों को आगे बढ़ाओ। उक्त विचार शहर के सिंधी कालोनी में जारी सात दिवसीय भागवत कथा के चौथे दिवस संत गोविन्द जाने ने कहे। शनिवार को आस्था और उत्साह के साथ भगवान श्रीकृष्ण का जन्मोत्सव मनाया गया।

इस मौके पर संत गोविन्द जाने ने राजा बलि और भगवान श्री कृष्ण का विस्तार से वर्णन किया। उन्होंने कहा कि मनुष्य के मन में संतोष होना स्वर्ग की प्राप्ति से भी बढ़कर है। यदि मन में संतोष भली-भांति प्रतिष्ठित हो जाए तो उससे बढ़कर संसार में कुछ भी नहीं है। जैसे जल के बिना नाव कितने भी उपाय करने पर नहीं चल सकती उसी प्रकार सहज संतोष बिना कभी शांति नहीं मिल सकती। विपन्नाता के दिनों में नाराज होकर नहीं बैठना चाहिए, बल्कि संतोष धारण करना चाहिए, क्योंकि संतोष रूपी अमृत से संतुष्ट मनुष्य के लिए सतत सुख और शांति के द्वार खुले रहते हैं। असंतोष ही सबसे बड़ा दुख है और संतोष ही सबसे बड़ा सुख है। भागवत कथा में मालवा माटी के प्रसिद्ध संत गोविंद जाने ने संगीतमय मधुर भजनों की प्रस्तुति दी। जिसे सुनकर वहां मौजूद श्रद्धालु खुद को रोक नहीं पाए और प्रभु की भक्ति में मगन हो झूमने लगे। सुख चाहने वाले पुरुष को सदा संतुष्ट रहना चाहिए। संतोष साम्राज्य से भी बढ़कर है। संतोष पारस पत्थर है जो किसी वस्तु को छूता है तो उसे सोना बना देता है। दान के समान दूसरी निधि नहीं है। लोभ के समान दूसरा शत्रु नहीं है, शील के समान कोई आभूषण नहीं है और संतोष के समान दूसरा कोई धन नहीं है। जिसके मन में संतोष है उसके लिए सब जगह संपन्नाता है।

#### सभी धर्म के संदेशों को जीवन में अवश्य अपनाना चाहिए : संत

संत गोविन्द जाने ने कहा कि भक्तों से कहा कि सभी धर्मों में अच्छी बातें कही गई हैं। लोग किसी व्यक्ति की बात सुने या ना सुने लेकिन सभी धर्म के संदेशों को जीवन में अवश्य अपनाना चाहिए। समाज में सुधार के लिए बच्चों एवं बुजुर्गों को कथा का श्रवण करना चाहिए। क्योंकि श्रीमद् भागवत कथा का श्रवण करने वाले भक्तों को भगवान के प्रति भावना और ज्यादा बढ़ जाती है और उसकी भगवान जरूर सुनता है। जिससे उसके सारे काम बनते चले जाते हैं। जीवन मंत्र और रघुकुल के संस्कारों पर प्रकाश डालते हुए कहा कि जीवन में हमेशा लिखे हुए कागज की तरह ही बनो, क्योंकि लिखा हुआ कागज मूल्यवान होता हैं।

## 345 दिनों का इंतजार खत्म, टीम नरेश का ऐलान, सीहोर-आष्टा और बुधनी को मिली महामंत्री की कमान

### भाजपा जिला कार्यकारिणी में पुराने दिग्गजों के साथ युवाओं को मिली तरजीह, साधे क्षेत्रीय समीकरण

**सीहोर।** जिले के राजनीतिक गलियारों में लंबे समय से बना सस्पेंस आखिरकार खत्म हो गया है। भाजपा जिलाध्यक्ष नरेश मेवाड़ा की बहुप्रतीक्षित जिला कार्यकारिणी की घोषणा शनिवार को कर दी गई। खास बात यह है कि 16 जनवरी 2025 को जिलाध्यक्ष की कमान संभालने के ठीक 345 दिन बाद नरेश मेवाड़ा ने अपनी टीम को मैदान में उतारा है। इस नई टीम में क्षेत्रीय संतुलन का विशेष ध्यान रखते हुए सीहोर, आष्टा और बुधनी जैसे प्रमुख केंद्रों को महामंत्री जैसे महत्वपूर्ण पदों से नवाजा गया है।

नई कार्यकारिणी में संगठन ने जितेंद्र गौड़, तारा कटारिया और पंकज गुप्ता को जिला महामंत्री नियुक्त कर जिले के तीन बड़े राजनीतिक केंद्रों सीहोर, बुधनी और आष्टा को सीधा प्रतिनिधित्व दिया है। राजनीतिक जानकारों का मानना है कि कार्यकारिणी गठन में हुई देरी की मुख्य वजह सभी गुटों और क्षेत्रों के बीच समन्वय बिठाना था।

**उपाध्यक्ष और मंत्रियों की लंबी फौज :** संगठन की मजबूती के लिए उपाध्यक्ष पद पर अतुल शर्मा, धारासिंह पटेल, कैलाश सुराणा, राजेंद्र राजपूत, प्रेमनारायण मीना, ओम पटेल, रुपेश राठौर और आनंद पटेल को जिम्मेदारी दी गई है। वहीं, मंत्री पद के लिए लाल सिंह चौहान, राजेश पाल, गिरीश सोलंकी, बलवंत सिंह परमार, अलका चौहान, सविता जयसिंह ठाकुर, दिनेश मेवाड़ा और प्रीति सोनी के नामों पर मुहर लगी है।

#### इन्हें मिली प्रबंधन की जिम्मेदारी

संगठन के वित्तीय और प्रशासनिक प्रबंधन के लिए हेमलता विजेंद्र परमार को कोषाध्यक्ष बनाया गया है, जबकि शिवम सोनी और अनिता ठाकरे सह कोषाध्यक्ष की जिम्मेदारी संभालेंगे। कार्यालय प्रबंधन के लिए आशिष पचौरी को कार्यालय मंत्री और उमेश शर्मा व गिरीजा कुशवाह को सह कार्यालय मंत्री नियुक्त किया गया है।

#### मीडिया और आईटी सेल पर भरोसा

आगामी चुनौतियों और डिजिटल युग को देखते हुए मीडिया विभाग की कमान प्रीतेश राठौर को सौंपी गई है उनके साथ पवन जैन सह मीडिया प्रभारी होंगे। वहीं आईटी विभाग की महत्वपूर्ण जिम्मेदारी अनुपम गौड़ को दी गई है।

## श्री सत्य साईं यूनिवर्सिटी में साप्ताहिक राष्ट्रीय गणित दिवस का समापन

**सीहोर।** श्री सत्य साईं यूनिवर्सिटी ऑफ़ साइंस एंड टेक्नोलॉजी, सीहोर द्वारा साप्ताहिक राष्ट्रीय गणित दिवस 2K25 का समापन सफलतापूर्वक का किया गया। यह आयोजन मध्यप्रदेश विज्ञान और प्रौद्योगिकी परिषद (एम.पी. काउंसिल ऑफ साइंस एंड टेक्नोलॉजी) द्वारा प्रेरित एवं समर्थित रहा।

इस अवसर पर अप्लाइड साइंस विभाग द्वारा भारतीय गणितज्ञों के आधुनिक युग में योगदान विषय पर विभिन्न प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया, जिनमें मुख्य रूप से– गणितीय पोस्टर निर्माण प्रतियोगिता, गणित क्विज (प्रश्नोत्तरी) प्रतियोगिता एवं पजल/ब्रेन टीजर प्रतियोगिता का सफलतापूर्वक संचालन किया गया। इन प्रतियोगिताओं में लगभग 300 छात्रों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया और अपनी प्रतिभा एवं गणितीय समझ का प्रदर्शन किया।

समापन समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में प्रोफेसर (डॉ.) रिचा गुप्ता, डीन, एलाइड साइंसेज़, एस.आर.के. यूनिवर्सिटी, भोपाल उपस्थित रहीं। उन्होंने छात्रों को ₹गणित : जीवन, इतिहास एवं प्रौद्योगिकी की अदृश्य भाषा विषय पर प्रेरणादायक व्याख्यान दिया। कार्यक्रम में विश्वविद्यालय के माननीय कुलपति प्रोफेसर (डॉ.) मुकेश तिवारी ने कहा कि आज के डिजिटल और तकनीकी युग में गणित की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण है। आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस, डेटा साइंस, इंजीनियरिंग, मेडिकल रिसर्च और अर्थशास्त्र जैसे क्षेत्रों में गणित की मजबूत नींव सफलता की कुंजी है।उन्होंने विद्यार्थियों को नियमित अभ्यास, नवाचार और अनुसंधान की ओर प्रेरित करते हुए कहा कि गणित अनुशासन, धैर्य और आत्मविश्वास विकसित करता है। कार्यक्रम के अंत में उन्होंने सभी विद्यार्थियों, शिक्षकों और आयोजकों को राष्ट्रीय गणित दिवस की शुभकामनाएँ दीं। कार्यक्रम में परीक्षा नियंत्रक डॉ. संजय राठौर, अनुसंधान एवं विकास निदेशक डॉ. मोहित गंगवार, तथा विभिन्न विभागों के समस्त शिक्षकगण एवं स्टाफ सदस्य उपस्थित रहे। विजेताओं को पुरस्कार वितरण के उपरांत साप्ताहिक राष्ट्रीय गणित दिवस 2K25 का समापन सफलता पूर्वक किया गया। इस कार्यक्रम के संयोजक डॉ. धीरज शिंदे एवं सुमित राठौर एवं सह संयोजक डॉ रणजीत कुमार पूसे, डॉ गीता खूबचंदानी, देवेंद्र पटले एवं अंकित नवगीत जोशी रहे, जिनके उत्कृष्ट नेतृत्व, निर्देशन एवं सहयोग में यह कार्यक्रम संपन्न हुआ। कार्यक्रम का संचालक देशदीपक एवं आभार रुचि चौहान द्वारा किया गया।



## नववर्ष को ध्यान में रखते हुए पुलिस ने सलकनपुर की व्यवस्थाओं का जायजा लिया

हरिभूमि न्यूज ⏭ रेहटी



पुलिस अधीक्षक दीपक कुमार शुक्ला के निर्देश पर शनिवार को सलकनपुर देवी धाम में आगामी नववर्ष पर श्रद्धालुओं की अधिक संख्या की संभावना को देखते हुए एसडीओपी बुदनी रवि शर्मा, थाना प्रभारी राजेश कहारे और तहसीलदार युगविजय सिंह ने संयुक्त रूप से भ्रमण किया।

इस दौरान मंदिर परिसर की व्यवस्था, मार्ग व्यवस्था और पार्किंग व्यवस्था का निरीक्षण किया गया। साथ ही दुकान लगाने वाले व्यापारियों से संवाद कर सामान दुकान से आगे ना बढ़ाने, अग्निशमन यंत्र रखने और ज्वलनशील पदार्थ नहीं रखने की हिदायत दी । वाहनों को बीच में नहीं रोकने की भी सलाह दी ताकि ट्राफिक व्यवस्था सुचारू रूप से चल सके। श्रद्धालुओं को सुविधाजनक तरीक़े से दर्शन हो पाए, इसके बेहतर इंतजाम किए जाएँगे। 31 दिसंबर एवं 1 जनवरी को बिजासन धाम सलकनपुर में बड़ी संख्या में श्रद्धालु पहुंचते हैं जिनकी व्यवस्थाओं के लिए पुलिस अधिकारी एवं राजस्व विभाग की टीम सलकनपुर पहुंची और यहां पर उन्होंने दुकानदारों को समझाए।

## डॉ. मनमोहन सिंह के दूरदर्शी नेतृत्व ने भारत को आर्थिक रूप से सशक्त बनाया : घनश्याम यादव



**सीहोर।** जिला कांग्रेस कमेटी सीहोर के अध्यक्ष राजीव गुजराती के नेतत्व में पूर्व प्रधानमंत्री स्वर्गीय डॉ. मनमोहन सिंह की प्रथम पुण्यतिथि पर श्रद्धांजलि सभा का आयोजन शहर अध्यक्ष घनश्याम यादव की अध्यक्षता में किया गया। सर्वप्रथम उपस्थित सभी कार्यकर्ताओं ने उनके चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित की। इस अवसर पर कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे घनश्याम यादव ने कहा कि डॉ. मनमोहन सिंह के दूरदर्शी नेतृत्व से उन्होंने भारत को आर्थिक रूप से सशक्त किया। देश के वंचितों और गरीबों के लिए उनके ऐतिहासिक प्रयासों और साहसिक निर्णयों ने भारत को विश्व मंच पर एक नई पहचान दिलाई। उनकी विनम्रता, कर्मठता और ईमानदारी हम सभी के लिए सदैव प्रेरणादायी रहेगी। प्रतिपक्ष नेता विवेक राठौर ने कहा कि डॉ मनमोहन सिंह समानता में विश्वास रखने वाले, दृढ़ निश्चयी, साहसी और गरिमापूर्ण व्यक्तित्व की मिसाल थे, जो सच्चे अर्थों में देश की प्रगति के लिए समर्पित रहे। उनकी सादगी, ईमानदारी और देश के प्रति उनका समर्पण सदैव हम सबको प्रेरणा देता रहेगा। भारत के पूर्व प्रधानमंत्री, पूर्व वित्त मंत्री एवं रिजर्व बैंक के गवर्नर डॉ मनमोहन सिंह की पुण्यतिथि पर उन्हें सादर नमन। इस अवसर पर प्रीतम दयाल चौरसिया, सुनील दुबे, सुदीप व्यास, मजीद अंसारी, हसीन कुरैशी, केके रिछारिया, तुलसी राजकुमार राठौर, भगत सिंह तोमर, आसिफ अंसारी, ओम सोनी आदि उपस्थित थे।

## अपर कलेक्टर ने राजस्व न्यायालयों का किया निरीक्षण, दिए निर्देश



**सीहोर।** अपर कलेक्टर वृंदावन सिंह द्वारा राजस्व न्यायालय अनुविभाग बुधनी, तहसील बुधनी तथा टप्पा तहसील शाहगंज का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने न्यायालयों में लंबित प्रकरणों की स्थिति की समीक्षा की और अधिकारियों को प्रकरणों का शीघ्र, निष्पक्ष एवं समयबद्ध निराकरण सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। अपर कलेक्टर सिंह ने कहा कि राजस्व न्यायालयों में आम नागरिकों से जुड़े मामलों का त्वरित समाधान प्रशासन की प्राथमिकता है। उन्होंने निर्देशित किया कि प्रत्येक प्रकरण की नियमित समीक्षा करते हुए अनावश्यक विलंब को रोका जाए तथा कार्यवाही में पारदर्शिता बनाए रखी जाए। निरीक्षण के दौरान एसआईआर (विशेष गहन पुनरीक्षण) के अंतर्गत मतदाता सूची प्रशिक्षण संबंधी कार्यों की भी समीक्षा की गई। इस अवसर पर बीएलओ (बूथ लेवल अधिकारी) एवं सहायक रजिस्ट्रीकरण अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिये। अपर कलेक्टर वृंदावन सिंह ने संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए कि अनमैप मतदाताओं को समय पर नोटिस जारी कर दावा आपत्ति प्राप्त करने के निर्देश दिये। उन्होंने कहा कि इस कार्य में मतदाताओं की पूरी मदद की जाये। यह सुनिश्चित किया जाये कि कोई भी पात्र उम्मीदवार का नाम मतदाता सूची से छूटे नहीं।

### धार्मिक, औषधीय और पर्यावरणीय महत्व पर जोर

# तुलसी दिवस पर संस्कार केंद्रों में लगी भक्ति, उल्लास और संस्कारों की त्रिवेणी

हरिभूमि न्यूज ⏭ भैरुंदा



तुलसी दिवस के पावन अवसर पर नगर के चारों संस्कार केंद्रों में तुलसी दिवस महोत्सव बड़े ही हर्षोल्लास, श्रद्धा और संस्कारमय वातावरण में मनाया गया। इस अवसर पर नन्हे–मुन्ने बच्चों ने पूरे उत्साह के साथ भाग लेकर कार्यक्रम को यादगार बना दिया। कार्यक्रम की शुरुआत तुलसी माता के समक्ष दीप प्रज्ज्वलन, मंत्रोच्चार, आरती एवं पूजा-अर्चना के साथ हुई। बच्चों ने तुलसी माता के चित्र ड्राइंग और पेंटिंग के माध्यम से बनाए, जिनमें उनकी रचनात्मकता और श्रद्धा स्पष्ट रूप से दिखाई दी। संस्कार केंद्रों में भक्ति, अनुशासन और उल्लास का अद्भुत संगम देखने को मिला।

कार्यक्रम में बच्चों को बताया गया कि तुलसी माता को हिंदू धर्म में अत्यंत पवित्र और पूजनीय माना गया है। शास्त्रों के अनुसार तुलसी माता भगवान विष्णु को अत्यंत प्रिय हैं तथा उन्हें लक्ष्मी स्वरूपा भी कहा गया है। प्रत्येक हिंदू परिवार के आंगन में तुलसी का पौधा सुख-समृद्धि, शुद्धता और सकारात्मक ऊर्जा का प्रतीक माना जाता है। साथ ही तुलसी के औषधीय गुणों पर भी प्रकाश डाला गया। बताया गया कि तुलसी के पत्ते सर्दी-खांसी, बुखार, दमा जैसी बीमारियों में लाभकारी होते हैं और रोग प्रतिरोधक क्षमता को बढ़ाते हैं। इसी कारण तुलसी को "संजीवनी बूटी" के समान माना गया है। बच्चों को यह संदेश भी दिया गया कि तुलसी माता हमें प्रकृति संरक्षण, पर्यावरण स्वच्छता और सात्विक जीवन अपनाने की प्रेरणा देती हैं।

#### संस्कारों के साथ सेवा का संदेश

शास्त्रों में वर्णित तुलसी पूजा के महत्व को रेखांकित करते हुए वक्ताओं ने कहा कि नित्य तुलसी पूजा, जल अर्पण और दीप प्रज्वलन से घर में शांति, स्वास्थ्य और सद्भाव बना रहता है। बच्चों में संस्कार, स्वच्छता, प्रकृति प्रेम और धार्मिक चेतना विकसित करने में ऐसे आयोजनों की अहम भूमिका है। कार्यक्रम में सेवा भारती के जिला सेवा प्रमुख पारस वर्मा, नगर अध्यक्ष विजेंद्र शर्मा, नगर उपाध्यक्ष राधिका जेमिनी, मानव उत्थान संस्था के प्रमुख महात्मा जी, राहुल शर्मा, योगेश मालवीय, सुनीता पवार, उषा श्रोतिय, ऋषिका श्रोतिय, पूजा बैरागी, प्रेम नारायण जी पेठारी, रामस्वरूप जी सोलंकी तथा गायत्री मंदिर के प्रमुख पंडित सुमन जी सहित अनेक गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।

#### प्रसाद का वितरण किया

तुलसी महोत्सव के अंतर्गत बच्चों के बीच प्रसाद का वितरण किया गया तथा सभी बच्चों को ड्राइंग कलर और स्केच भेंट स्वरूप प्रदान किए गए। कार्यक्रम के दौरान नगर के राहुल शर्मा ने अपने पूज्य पिताजी स्वर्गीय गुरुप्रसाद शर्मा की पुण्य स्मृति में जिले के संस्कार केंद्रों के लिए बच्चों के बैठने हेतु 10 दरियां भेंट कीं। यह पहल उनके पिताजी के संस्कारों और सेवा भाव को सजीव करती है। कार्यक्रम का समापन भक्ति, उल्लास और संस्कारों से ओतप्रोत वातावरण में हुआ। उपस्थितजनों ने ईश्वर से प्रार्थना की कि राहुल शर्मा निरंतर प्रगति पथ पर अग्रसर रहें और उनके पिताजी का आशीर्वाद सदैव उन पर बना रहे।

# संभाग स्तरीय पुरुष क्रिकेट प्रतियोगिता का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर




शनिवार को शासकीय कन्या महाविद्यालय सीहोर के तत्वावधान में संभाग स्तरीय पुरुष क्रिकेट प्रतियोगिता का आयोजन सीहोर शहर के प्रतिष्ठित बीएसआई ग्राउंड पर किया गया। इस प्रतियोगिता में भोपाल संभाग की सात टीमों सीहोर, भोपाल, राजगढ़, बैतूल, नर्मदापुरम, विदिशा एवं रायसेन ने उत्साहपूर्वक सहभागिता की। प्रतियोगिता का उद्देश्य युवाओं में खेल भावना, अनुशासन एवं शारीरिक-मानसिक विकास को प्रोत्साहित करना रहा।

प्रतियोगिता का शुभारंभ महाविद्यालय की प्राचार्य डॉ. मंजरी अग्निहोत्री द्वारा किया गया। अपने प्रेरणादायी उद्बोधन में उन्होंने कहा कि 'खेल केवल प्रतिस्पर्धा का माध्यम नहीं, बल्कि जीवन में अनुशासन, समर्पण और टीम भावना विकसित करने का सशक्त साधन है। ऐसे आयोजन विद्यार्थियों को नेतृत्व, सहनशीलता और सकारात्मक सोच सिखाते हैं।' उन्होंने सभी प्रतिभागी टीमों को उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएँ देते हुए आयोजकों को सफल आयोजन के लिए बधाई दी। महाविद्यालय के वरिष्ठ क्रीड़ा अधिकारी रवि विरहा ने अपने संबोधन में कहा कि 'संभाग स्तरीय प्रतियोगिताएँ खिलाड़ियों को उच्च स्तर की प्रतिस्पर्धा का अनुभव देती हैं, जिससे उनमें आत्मविश्वास और कौशल का विकास होता है। हमारा उद्देश्य ग्रामीण एवं शहरी दोनों क्षेत्रों की प्रतिभाओं को एक समान मंच प्रदान करना है।' उन्होंने खिलाड़ियों से खेल भावना के साथ श्रेष्ठ प्रदर्शन करने का आह्वान किया। मैचों का संचालन अनुभवी अंपायर नागेंद्र व्यास एवं मदन कुशवाह द्वारा किया गया, जिन्होंने निष्पक्ष एवं सटीक निर्णयों से प्रतियोगिता को सफल बनाया। आयोजन की व्यवस्थाओं में अनिल पिपलोदिया एवं ममतेश परमार का विशेष सहयोग रहा, जिनके समर्पण से प्रतियोगिता सुचारू रूप से संपन्न हुई। प्रतियोगिता के पहले मुकाबले में सीहोर एवं राजगढ़ की टीमों के बीच रोमांचक मैच खेला गया, जिसमें सीहोर की टीम ने शानदार प्रदर्शन करते हुए राजगढ़ को 8 रनों से पराजित किया। अन्य मुकाबलों में नर्मदापुरम ने बैतूल को तथा रायसेन ने विदिशा को हराकर सेमीफाइनल में प्रवेश किया।

### स्टोर रूम में रखा खरीदी का समस्त रिकार्ड समेत अनेकों सामान भी जलकर हो गया राख

फायर बिग्रेड की मदद से करीब 2 घंटे में पाया जा सका आग पर काबू

# अस्पताल के स्टोर रूम में लगी आग लाखों रुपए की दवाइयां हुई खाक



हरिभूमि न्यूज ▶▶ राजगढ़

जिला अस्पताल परिसर स्थित सीएमएचओ दफ्तर से संबद्ध स्टोर रूम में शुक्रवार दोपहर अचानक आग लग जाने से करीब 1 करोड़ से अधिक की विभिन्न तरह की दवाईयां व सामान जलकर पूरी तरह खाक हो गए। स्टोर रूम से आग की बड़ी-बड़ी लपटें उठती देख तुरंत फायर बिग्रेड को बुलाया गया। करीब 2 घंटे की मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया जा सका। स्टोर रूम में आगजनी की प्राथमिक वजह शार्ट-सर्किट बताई जा रही है। हालांकि, इस बात की कोई पुष्टि नहीं हो पाई है। इस आगजनी में स्टोर रूम में रखे पुराने फ्रीज, दवाईयां, खरीद-फरोख्त से जुड़े दस्तावेज, फर्नीचर सहित अन्य सामान पूरी तरह जलकर राख हो गए।

शुक्रवार दोपहर करीब 3 बजे के आसपास जब आसपास के स्टाफ सदस्यों व अन्य ने जब स्टोर रूम से आग की बड़ी-बड़ी लपटें उठती देखी तो तुरंत फायर बिग्रेड को फोन लगाया गया। प्राथमिक रूप से इस आगजनी में लाखों रूप्ए की दवाइयां एवं उपकरण, पूरी तरह जलकर खाक हो गई जिन्हें अस्पताल में मरीजों को निःशुल्क उपलब्ध करवाया जाता है। आग इतनी भीषण थी कि फायर बिग्रेड से काबू पा लिए जाने के करीब 3 घंटे बाद तक भी स्टोर रूम से धुआं उठता नजर आया। गनीमत यह रही है कि आगजनी में कोई जनहानि नहीं हुई है।

#### तुरंत मौके पर पहुंची एसडीएम, नपाध्यक्ष

आगजनी की सूचना को गंभीरता से लेते हुए एसडीएम निधि भारद्धाज, नगर पालिका अध्यक्ष विनोद साहू, सीएमओ पवन अवस्थी सहित अन्य संबंधित अधिकारी तुरंत मौके पर पहुंचे और आग को जल्द से जल्द काबू पाने अपने स्तर से तमाम तरह के प्रयास किए।

#### पूरे जिले में यहीं से सप्लाई होती है दवाईयां

जिला अस्पताल के सीएमएचओ कार्यालय से संबद्ध जिस स्टोर रूम में आगजनी की यह घटना हुई है वहीं से जिले के विभिन्न स्वास्थ्य केंद्रों में दवाईयों, उपकरणों, निडल व अन्य सामानों को डिमांड के आधार पर वितरित करवाया जाता है। ऐसे में समूची दवाईयां जलकर खाक हो जाने से आने वाले दिनों में जिला अस्पताल समेत संबद्ध अन्य सभी प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों, सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों में विभिन्न दवाईयों की किल्लत आने की पूरी संभावना नजर आ रही है।

#### सामूहिक प्रयासों के बाद बुझ पाई आग

स्टोर रूम में लगी आग को बुझाने न केवल फायर बिग्रेड के कर्मचारियों बल्कि स्थानीय युवाओं, अस्पताल के कर्मचारियों व अन्य ने भी भरसक प्रयास किया। समीप से ही जेसीबी मंगवाकर उतने सामान को बाहर निकलवाने का पूरा प्रयास किया गया जो जलने से बच सके। हालांकि, लगभग पूरा समान ही जलकर खाक हुआ है।

#### अभी नुकसान स्पष्ट नहीं...

आगजनी में कितना नुकसान हुआ है इस बारे में फिलहाल स्पष्टतः नहीं बताया जा सकता। स्टोर रूम प्रभारी व संबंधितों से जानकारी लेने के उपरान्त नुकसान की पूरी स्थिति स्पष्ट की जा सकेगी।

- डॉ. शोभा पटेल, सीएमएचओ, राजगढ़

### पुलिस ने गिरफ्तार कर भेजा सलाखों के पीछे

# कोचिंग जाती छात्राओं से अभद्रता की जनता में आक्रोश से पकड़ा गया आरोपी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सीहोर



शहर की सड़कों पर शनिवार सुबह वह दृश्य देखने को मिला जिसने हर संवेदनशील व्यक्ति के मन को झकझोर दिया। शुगर फैक्ट्री रोड से कोचिंग जा रही नाबालिग छात्राओं को देखकर एक युवक खुलेआम अश्लील हरकतें करने लगा। मासूम बेटियां सहम गईं, डर से उनकी आंखें भर आईं, लेकिन यह दरिंदगी ज्यादा देर छिप नहीं सकी। वहां से गुजर रहे कुछ जागरूक नागरिकों की नजर जब उस युवक की हरकतों पर पड़ी तो उनका खून खौल उठा। उन्होंने आरोपी को रोकने का प्रयास किया, लेकिन वह उल्टा झगड़ा करने लगा और भागने की कोशिश करने लगा। इसी दौरान आसपास के लोग और हिंदू संगठनों के कार्यकर्ता मौके पर पहुंच गए। गुस्से से भरे लोगों ने उसे घेर लिया और उसकी जमकर पिटाई कर दी।

हिंदू संगठनों के कार्यकर्ताओं ने आरोपी को पकड़कर कोतवाली पुलिस के हवाले करने का प्रयास किया, तभी कुछ अज्ञात लोग वहां पहुंचे और आरोपी को छुड़ाने की कोशिश की। स्थिति तनावपूर्ण हो गई और कोतवाली परिसर में बड़ी संख्या में लोग जमा हो गए। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर आरोपी को हिरासत में लिया। विश्व हिंदू परिषद के जिला संयोजक जगदीश कुशवाहा ने बताया कि आरोपी लंबे समय से कोचिंग और स्कूल जाने वाली नाबालिग बालिकाओं को निशाना बना रहा था। पहले भी इसकी शिकायत महिला थाने में की गई थी, लेकिन कोई ठोस कार्रवाई नहीं हुई। आज जब फिर दो नाबालिग छात्राओं के साथ अश्लील हरकत करते हुए पकड़ा गया, तो लोगों का सब्र टूट गया। कोतवाली टीआई रविंद्र यादव ने बताया कि पीड़ित छात्राओं की शिकायत पर आरोपी आरोपी शोएब पिता कमर अलीके खिलाफ पॉक्सो एक्ट सहित अन्य धाराओं में मामला दर्ज कर उसे न्यायालय में पेश किया गया, जहां से उसे जेल भेज दिया गया।

## गागाहोनी शासकीय स्कूल में वीर बाल दिवस मनाया गया

**लखनवास।** शासकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय स्कूल गांगाहोनी में शुक्रवार को वीर बाल दिवस मनाया गया इस अवसर पर गुरु गोविंद सिंह जी के छोटे पुत्र साहबजादो जोरावर सिंह और फतेह सिंह के जीवन और बलिदान की वीरगाथा से विद्यार्थियों को प्रेरित किया वीर बाल दिवस कार्यक्रम में समस्त शिक्षको एवं छात्र छात्राओं ने सहभागिता कर कार्यक्रम को सफल बनाया कार्यक्रम के दौरान बच्चों को वीर बाल दिवस के इतिहास साहिबज़ादों के अद्भुत बलिदान एवं उनके साहस धर्म और राष्ट्रप्रेम के बारे में विस्तार से जानकारी दी गई शिक्षको ने बच्चों को वीरता संस्कार एवं देशभक्ति के मार्ग पर चलने का संदेश दिया प्राचार्य महेश चंद्र शर्मा एवं शिक्षक बृजेश चंद्र शर्मा दिनेश भूरिया मीना यादव उपस्थित रहे।

## अवैध गैस सिलेंडर से भरी पिकअप पकड़ी




**कुरावर।** शुक्रवार सुबह कुरावर के वृंदावन रेस्टोरेंट के पास गैस टंकी से भरी एक पिकअप वाहन पकड़ी गई जिसमें अवैध रूप से रखी 80 भरे गैस सिलेंडर छिपाकर रखे हुए थे। सूचना मिलने पर नायब तहसीलदार व पुलिस मौके पर पहुँचे तथा गैस सिलेंडर सहित पिकअप को जप्त कर लिये। नायब तहसीलदार अंगारिका कनौजिया ने कहा सुचना मिली थी की अवैध रूप सै घरेलु गैस ले जाई रही हैं , जांच की जा रही हैं की वैध हैं या नहीं। स्थानीय निवासी रोहित ने पुलिस को सूचना दी की ग्राम माना में स्थित गैस एजेंसी से रोज हि टंकियों का परिवहन होता है वही अधिकारियों ने पंचनामा कार्रवाई के बाद टंकियां कुरावर गैस एजेंसी को सुपुर्द की गईं। अवैध परिवहन में प्रयुक्त पिकअप वाहन थाने में जप्त कर जांच की जा रही हैं।

बोडा में गूंजा “गर्व से कहो हम हिंदू हैं

## धर्म ध्वज यात्रा, कलश यात्रा, हिंदू सम्मेलन व सामूहिक सहभोज के साथ आयोजन संपन्न

**ब्यावरा-बोडा।** संगठित हिंदू, समर्थ भारत के संकल्प को साकार करने की दिशा में सकल हिंदू समाज बोड़ा के तत्वावधान में रविवार को नगर में ऐतिहासिक आयोजन संपन्न हुआ। इस अवसर पर नगर में धर्म ध्वज यात्रा, विशाल कलश यात्रा, हिंदू सम्मेलन, अतिथियों का सामूहिक उद्बोधन तथा सामूहिक सहभोज आयोजित किया गया, जिसमें नगर सहित आसपास के ग्रामीण अंचलों से बड़ी संख्या में सनातन धर्मावलंबियों, मातृशक्ति एवं युवाओं ने उत्साहपूर्वक सहभागिता की। कार्यक्रम की शुरुआत विधिविधान से धर्म ध्वज की पूजा-अर्चना के साथ हुई।




इसके पश्चात भव्य कलश यात्रा गांधी चैक से प्रारंभ होकर नगर के प्रमुख मार्गों से गुजरते हुए नरसिंहगढ़ रोड स्थित शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय परिसर में संपन्न हुई। यात्रा के दौरान नगर का वातावरण भगवामय हो उठा और “गर्व से कहो हम हिंदू हैं” के उद्घोष से पूरा नगर गूंज उठा। यात्रा में श्रद्धा, उत्साह और गौरव का अद्भुत संगम देखने को मिला। भगवा ध्वजों के साथ निकली इस यात्रा ने यह संदेश दिया कि संपूर्ण हिंदू समाज एक है। “हिंदवः सोदराः सर्वे, न हिंदू पतितो भवेत” जैसे उदात्त विचारों के माध्यम से समता, सुरक्षा, संस्कृति और राष्ट्रहित के प्रति समाज को एकजुट रहने का आह्वान किया गया। कलश यात्रा का नगर में जगह-जगह पुष्प वर्षा एवं जल पिलाकर स्वागत किया गया। नगर परिषद अध्यक्ष निकिता करण जायसवाल द्वारा जेसीबी के माध्यम से पुष्प वर्षा कर भव्य स्वागत-सत्कार किया गया। वहीं अनेक सामाजिक संगठनों एवं नगर के गणमान्य नागरिकों ने भी पुष्प वर्षा कर यात्रा का अभिनंदन किया।

## पूर्व विस प्रत्याशी ने ‘हाथी’ को छोड़कर थामा कांग्रेस का पंजा




**राजगढ़।** गत विधानसभा चुनावों में विधायक पद के लिए भाग्य आजमाने वाले देव वर्मा सहित विधानसभा अध्यक्ष बनवारी वर्मा ने अपने समर्थकों सहित अंततः कांग्रेस का दामन थाम लिया। गत दिवस जिला कांग्रेस कार्यालय में पूर्व केबिनेट मंत्री एवं कांग्रेस जिलाध्यक्ष प्रियवृत सिंह के सम्मुख इन सभी ने कांग्रेस की सदस्यता ग्रहण की। पूर्व विधायक प्रत्याशी ने वर्मा सहित लखन चौहान, रवींद्र वर्मा, प्रशांत उपाध्याय सहित अन्य बसपा कार्यकर्ताओं ने कांग्रेस की रीति-नीतियों से प्रभावित होकर कांग्रेस पार्टी ज्वाइन की है। इस अवसर पर कांग्रेस के वरिष्ठ नेता अशोक वर्मा, जगदीश सूर्यवंशी, रमेश वर्मा, मुकेश मेघवाल सहित अन्य उपस्थित थे।

## करनवास हायर सेकंडरी विद्यालय सांसद खेल महोत्सव में रहा विजेता




**ब्यावरा।** विगत 23 24 और 25 दिसंबर से सांसद खेल महोत्सव राजगढ में आयोजित हुआ जिसमें संपूर्ण ससंदीय क्षेत्र मे करनवास हायर सेकंडरी विद्यालय के छात्र-छात्राएं वॉलीबॉल में छात्र और छात्रा दोनों वर्ग में प्रथम स्थान पर रहे एवं कबड्डी में उपविजेता रहे साथ ही रेस में पूरे संसदीय क्षेत्र में प्रथम स्थान विजय वर्मा शासकीय हायर सेकंडरी विद्यालय करनवास के रहे, इस उपलब्धि पर संस्था के प्राचार्य महोदय श्री महेश कुमार यादव जन शिक्षक लाड़ सिंह चैहान, अशोक शर्मा सर एवं विशेष रूप से उनके खेल प्रशिक्षक श्री रविंद्र सिंह तोमर जी और खबीर गोरी सर के द्वारा विद्यालय में सभी छात्र-छात्राओं का माला पहनाकर स्वागत किया गया इस अवसर पर प्राचार्य महोदय के द्वारा छात्र-छात्राओं को संबोधित करते हुए कहा कि जीवन में खेल हमें अनुशासन एवं जीत की भावना पैदा करता है । इस अवसर पर विद्यालय का समस्त स्टाफ भी उपस्थित रहा। जिसमें वरिष्ठ शिक्षिका का मंजू लता चैहान सीता डॉ अर्चना मेम , नीरा मेम, नीता मेम, मनीषा मैडम, तृषा मैडम, तब्बोसुम मैडम गीतांजलि मेम पूजा मेम जानकी मेम ,अंसारी मेम एवं वरिष्ठ शिक्षक निस्तोर तिर्की, कमलेश दांगी आदि लोग मौजूद थे।

## ओमप्रकाश भाई की दसवीं पुण्य स्मृति दिवस पर किया आयोजन



**ब्यावरा।** प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय शहीद कॉलोनी सेवाकेंद्र के द्वारा आज 25 दिसंबर 2025 को इंदौर जोन के पूर्व क्षेत्रीय निदेशक एवं मीडिया प्रभाव के राष्ट्रीय अध्यक्ष रहे । परम श्रद्धेय ओमप्रकाश भाई की दसवीं पुण्य स्मृति दिवस मनाई गई। इस अवसर पर भाई जी की प्रतिमा पर दीप जलाकर माल्या अर्पण किया। तथा ब्यावरा सेवा केंद्र की संचालिका ब्रह्माकुमारी लक्ष्मी दीदी ने भाई जी के जीवन पर प्रकाश डालते हुए बताया कि एक वरिष्ठ आध्यात्मिक व्यक्तित्व थे, जो नैतिक मूल्यों और आध्यात्मिकता के माध्यम से समाज सेवा के लिए जाने जाते थे।

## फ्यूचर इंटरनेशनल पब्लिक स्कूल में दो दिवसीय खेल प्रतियोगिता का शुभारंभ




**सारंगपुर।** नगर के प्रतिष्ठित शैक्षणिक संस्थान फ्यूचर इंटरनेशनल पब्लिक स्कूल में शुक्रवार से दो दिवसीय वार्षिक खेल प्रतियोगिता का भव्य शुभारंभ किया गया। आयोजन का उद्घाटन मुख्य अतिथि ब्लॉक एजुकेशन अधिकारी सुरेश बीरमाल ने माँ सरस्वती के समक्ष दीप प्रज्वलन कर किया। इसके पश्चात विद्यालय का ध्वजारोहण एवं मशाल प्रज्वलन कर खेल महोत्सव की विधिवत शुरुआत की गई। इस अवसर पर मुख्य अतिथि श्रीबीरमाल ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए अनुशासन को जीवन की सफलता की कुंजी बताते हुए उन्हें एक जिम्मेदार और सफल भारतीय नागरिक बनने की प्रेरणा दी तथा विद्यार्थियों को अनुशासन और कर्तव्यनिष्ठा की प्रतिज्ञा दिलाई। संस्था प्रबंधक नितिन परिहार ने बच्चों को खेल भावना के साथ खेल खेलने की सीख देते हुए कहा कि “स्वस्थ शरीर में ही स्वस्थ मन का निवास होता है।” उन्होंने खेलों को जीवन का अभिन्न अंग बताते हुए विद्यार्थियों के उज्ज्वल भविष्य की कामना की। विद्यालय प्राचार्य ने अपने प्रेरणादायी उद्बोधन में कहा कि विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास के लिए प्रतिवर्ष खेल प्रतियोगिताओं का आयोजन किया जाता है, जिससे बच्चों में आत्मविश्वास, नेतृत्व क्षमता और टीम भावना का विकास होता है।

### हिन्दू सम्मेलनों की कड़ी में नगर में निकाली गई ध्वज व कलश यात्रा

# ‘एक संगत, एक रंगत, एक पंगत’ भाव से जोड़ा जा रहा हिंदू समाज



हरिभूमि न्यूज ▶▶ राजगढ़

नगर में हो रहे हिंदू सम्मेलन की श्रृंखला में आगामी 2 जनवरी को बड़े हनुमान बस्ती एवं जलपा माता बस्ती का हिंदू सम्मेलन होने वाला है। उसी तो तैयारी को लेकर बस्तियों में ध्वज एवं कलश यात्रा निकाली गई जो बस्ती के जनपद पंचायत स्थित शिव मंदिर से प्रारंभ होकर बड़ी फील्ड पहुंची जहां सम्मेलन स्थल का भूमि पूजन किया गया। इस अवसर पर वरिष्ठ समाजसेवी देवी सिंह सोलंकी ने कहा कि समाज का जागरण ही समाज संगठन एवं समाज परिवर्तन का माध्यम हैं। पंच परिवर्तन के विषय के माध्यम से ही समाज में व्याप्त कुरीतियों को ह्रास हो सकता है।


हिंदू सम्मेलन की श्रृंखला में महावीर बस्ती एवं शीतला माता बस्ती की ध्वज एवं कलश यात्रा निकाली गई जो परायण चोक प्रांगण से प्रारंभ होकर राजमहल पहुंची। यहां सम्मेलन स्थल का भूमि पूजन किया गया। जहां वरिष्ठ समाजसेवी उदय सिंह चैहान ने कहा कि समाज का एक संगत, एक रंगत एवं एक पंगत में बैठना समय की मांग है। समाज समरस हो, कुटुंभ का प्रबोधन हो, पर्यावरण का संरक्षण हो, स्व के भाव का जागरण नागरिक शिष्टाचार का पालन यही हिंदू सम्मेलन का लक्ष्य है। उल्लेखनीय है कि आगामी जनवरी माह में नगर में तीन सम्मेलन होने वाले हैं। इसके तहत नगर के विभिन्न मोहल्लों में प्रभात फेरिया निकली जा रही हैं वहीं घरों पर भगवा ध्वज लगाए जा रहे हैं।

### हिन्दू उत्सव समिति ने राष्ट्रपति के नाम एसडीएम व राज्य मंत्री को सौंपा ज्ञापन

# अवैध कब्जे, भूमि विवाद व राष्ट्रीय एकरूप कानूनों की उठाई मांग

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सारंगपुर

नगर की विभिन्न ज्वलंत समस्याओं एवं राष्ट्रीय स्तर के गंभीर विषयों को लेकर हिन्दू उत्सव समिति सारंगपुर द्वारा राष्ट्रपति महोदया के नाम एक ज्ञापन एसडीएम कार्यालय में तहसीलदार आकाश शर्मा को सौंपा गया। साथ ही समिति द्वारा राज्य मंत्री गौतम टेटवाल को भी पृथक ज्ञापन दिया गया। ज्ञापन में समिति ने नगर में बढ़ रही असामाजिक गतिविधियों, शासकीय भूमि पर अवैध कब्जों, भूमि विवादों एवं समान नागरिक संहिता सहित अनेक राष्ट्रीय विषयों पर शीघ्र ठोस कार्रवाई की मांग की है। समिति ने अवगत कराया कि नगर के टेंचिंग ग्राउंड के समीप स्थित शासकीय भूमि एवं प्राचीन चिंतामनेश्वर महादेव मंदिर देव कुआं की भूमि पर एक विशेष समुदाय द्वारा अवैध कब्जा किया जा रहा है। इससे आम रास्ते बाधित हो रहे हैं तथा धार्मिक स्थल की पवित्रता प्रभावित हो रही है। समिति ने मांग की कि उक्त अवैध कब्जों को तत्काल हटाकर सार्वजनिक रास्ते को पुनः सुचारू किया जाए तथा मंदिर की भूमि को सुरक्षित किया जाए। इसके साथ ही समिति ने दशहरा मैदान (सर्वे नंबर 1934, रकबा 4.3670 हेक्टेयर) को हिंदू समाज के नाम दर्ज भूमि बताते हुए उस पर किसी भी प्रकार के पट्टे जारी न किए जाने तथा पूर्व में हुए किसी भी अतिक्रमण को तुरंत हटाने की मांग की।



#### राष्ट्रीय स्तर की प्रमुख मांगें भी रखी

ज्ञापन में राष्ट्रीय स्तर पर भी कई महत्वपूर्ण मांगें रखी गईं, जिनमें संपूर्ण देश में मदरसा शिक्षा बोर्ड को समाप्त कर समान शिक्षा व्यवस्था लागू करना,जनसंख्या नियंत्रण कानून लागू करना,संपूर्ण भारत में मुस्लिमों की आबादी जो कि भारत में आज लगभग 20 प्रतिशत कुल जनसंख्या की है अल्पसंख्यक का दर्जा समाप्त किया जाए। जैसी प्रमुख मांगें शामिल हैं। समिति ने प्रशासन से आग्रह किया कि ज्ञापन में उल्लिखित सभी विषयों पर शीघ्र ठोस निर्णय लेकर आवश्यक कार्रवाई की जाए, जिससे सामाजिक संतुलन एवं धार्मिक स्थलों की सुरक्षा सुनिश्चित की जा सके। इस अवसर पर हिन्दू उत्सव समिति अध्यक्ष ध्रुव भल्ला, अशोक साहू, दिनेश सिसौदिया, वैभव पुष्पद, अनिल जैन, गोपाल पाल, कमल राठौर, सतीश राठौर, अमित सक्सेना, संजय शर्मा, जुगल चैहान, मनोज जैन, अमित दुबे, मोहन ईशान, बनारसी गिरजे, मुरलीधर सोलंकी, नवीन रुण्डवाल, राजेश बंसल, अंतरिक्ष पारीक, पवन सोलंकी, अधिवक्ता कोमल शर्मा, कुलदीप टेटवाल,दीपक विश्वकर्मा सहित बड़ी संख्या में समिति पदाधिकारी एवं समाजजन उपस्थित रहे।

## खबर संक्षेप

### कुबेरेश्वरधाम हर दिन पहुंच रहे श्रद्धालु

**सीहोर।** जिला मुख्यालय के समीपस्थ प्रसिद्ध कुबेरेश्वरधाम में अवकाश के दिनों में प्रतिदिन हजारों की संख्या में श्रद्धालु दर्शन करने आ रहे है। शनिवार को भी 50 हजार से अधिक श्रद्धालुओं धाम पर पहुंचे। धाम पर विठलेश सेवा समिति की ओर से पंडित विनय मिश्रा, पंडित समीर शुक्ला सहित अन्य ने यहां पर आने वाले श्रद्धालुओं को भोजन प्रसादी का वितरण किया। इसके अलावा छत्तीसगढ़ से लौटकर आए कथा वाचक पंडित राघव मिश्रा ने यहां पर मौजूद श्रद्धालुओं से चर्चा की। हर साल यहां पर अवकाश के दिनों में हजारों की संख्या में श्रद्धालु दर्शन के लिए आते है। वहीं फरवरी में होने वाले भव्य रुद्राक्ष महोत्सव की तैयारियां महाकुंभ की तर्ज पर चल रही है। कथा वाचक पंडित राघव मिश्रा ने अपने संदेश में कहाकि अच्छी सोच, अच्छी भावना और अच्छे विचार, ये तीनों जीवन में सुख-शांति के लिए बहुत जरुरी है। सत्संग और भजन में दिल लगाना बहुत ज़रूरी है क्योंकि यह मन को पवित्र करता है, एकाग्रता बढ़ाता है, और हमें जीवन के वास्तविक उद्देश्य ईश्वर प्राप्ति की ओर ले जाता है, सांसारिक मोह-माया से दूर करता है, और सकारात्मक ऊर्जा व शांति प्रदान करता है, जिससे अंतरात्मा जागृत होती है और सच्ची खुशी मिलती है। जीवन में सुख-शांति तब तक नहीं मिल सकती है, जब तक हमारे विचार नकारात्मक हैं। अच्छी सोच, अच्छी भावनाएं और अच्छे विचार रहेंगे तो सफलता के साथ ही सुख-शांति भी जरूर मिलेगी।

### सीहोर बाइज ने सीहोर चिल्ड्रन को 2-0 से हराया

**सीहोर।** हर साल की तरह इस साल भी शहर के चर्च मैदान पर जिला फुटबाल एसोसिएशन के तत्वाधान में भारत रत्न पूर्व प्रधानमंत्री स्वर्गीय अटल बिहारी की स्मृति में आयोजित फुटबाल प्रतियोगिता में शनिवार को तीसरे दिन 2 मैच खेले गए जिसमें पहला मैच पहले में सीहोर बाइज विरोध सीहोर चिल्ड्रन के मध्य खेला गया जिसमें सीहोर बाइज 2-0 से विजय रही सीहोर बाइज की तरफ से युवराज ने 1 गोल किया आदित्य ने 1 गोल किया। इसके अलावा दूसरा मैच सीहोर क्लब विरोध सीहोर रेड के मध्य खेला गया जिसमें सीहोर क्लब 3-1 से विजय रहा।

### आष्टा में हुए उपद्रव के मामले में पुलिस की कार्रवाई जारी

# भड़काऊ वीडियो बनाने वाले 2 लोग और पथराव करने वाले 10 को किया गिरफ्तार

**पूर्व पार्षद और भाजपा नेता कालू भट्ट, अंकुश ठाकुर ने जेसीबी के साथ बनाया था वीडियो, अब तक कुल 12 आरोपी सलाखों के पीछे, शांति भंग करने वालों को जेल। सोशल मीडिया पर पुलिस की है नजर।**

हरिभूमि न्यूज ⏭ आष्टा



पिछले दिनों हुए उपद्रव के बाद से पुलिस एक्शन मोड में है। पुलिस ने न केवल करणी सेना कार्यकर्ताओं पर हमला करने वाले आरोपियों की धरपकड़ तेज कर दी है, बल्कि शांति व्यवस्था को चुनौती देने वाले सोशल मीडिया यूजर्स पर भी सख्त कार्रवाई शुरू कर दी है।

#### जेसीबी के साथ बनाया वीडियो

ताजा कार्रवाई में शनिवार को पुलिस ने जेसीबी के साथ भडक़ाऊ वीडियो बनाकर फेसबुक लाइव करने का प्रयास करने वाले दो युवकों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। वहीं पत्थरबाजी मामले में पहले ही 10 आरोपियों को गिरफ्तार किया जा चुका है। सीएसपी अभिनंदना शर्मा के अनुसार शनिवार को आष्टा के भोपाल नाके पर पूर्व पार्षद और भाजपा नेता कालू उर्फ भविष्य भट्ट और अंकुश ठाकुर नामक दो युवकों ने जेसीबी मशीन के साथ एक वीडियो रिकॉर्ड किया। इस वीडियो में आरोपी प्रशासन को चुनौती देते हुए कह रहे थे कि यदि प्रशासन ने बुलडोजर कार्रवाई नहीं की तो वे स्वयं जेसीबी लेकर तोडफ़ोड़ करेंगे। आरोपी इसे फेसबुक लाइव पर प्रसारित करने की फिराक में थे। जैसे ही पुलिस को इस भडक़ाऊ कृत्य की सूचना मिली, पुलिस टीम ने तुरंत कार्रवाई करते हुए दोनों को गिरफ्तार कर लिया। शहर की शांति भंग करने के प्रयास में दोनों को सीधे जिला जेल भेज दिया गया है।

#### मारपीट मामले में अब तक 10 गिरफ्तार

बता दें कि 21 दिसंबर को थाना पार्वती क्षेत्र में करणी सेना कार्यकर्ताओं पर कुछ असामाजिक तत्वों ने हमला कर वाहनों में तोडफ़ोड़ की थी।

इस मामले में पुलिस ने सीसीटीवी और वीडियो फुटेज के आधार पर आरोपियों की पहचान शुरू की। 22 दिसंबर को 4 आरोपियों की गिरफ्तारी हुई थी, जिसके बाद शुक्रवार-शनिवार की दरमियानी रात पुलिस ने शेखपुरा और रोशनपुरा में दबिश देकर 6 और उपद्रवियों को गिरफ्तार कर लिया। इस प्रकरण में अब तक कुल 10 आरोपी पकड़े जा चुके हैं।

#### पत्थरबाजी में गिरफ्तार आरोपी

आष्टा पुलिस ने कार्रवाई करते हुए नायब अहमद शेखपुरा, मुस्ताक उद्दीन शेखपुरा, साहूद आलम शेखपुरा, इस्माइल शाह रोशनपुरा, शहीद खा शेखपुरा, सलमान खा सारंगपुर को गिरफ्तार किया है, जबकि पूर्व में पकड़े गए आरोपी अकील अहमद, अलीम उद्दीन, फिरोज उद्दीन और मुजफ्फर उद्दीन को गिरफ्तार किया हैं।

#### अफवाहों पर न दें ध्यानः पुलिस

पुलिस ने आमजन से अपील की है कि किसी भी प्रकार की भ्रामक खबरों या भडक़ाऊ वीडियो को सोशल मीडिया पर शेयर न करें। फरार आरोपियों की तलाश में पुलिस टीमें लगातार छापेमारी कर रही हैं। पुलिस अधीक्षक के निर्देशानुसार क्षेत्र में अतिरिक्त पुलिस बल तैनात है और हर संदिग्ध गतिविधि पर नजर रखी जा रही है।



# जिला मुख्यालय पर दो दिवसीय जिला कुश्ती चैम्पियनशिप शुरू



हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर

दो दिवसीय सिहोर जिला कुश्ती चैम्पियनशिप का शुभारम्भ किया गया जिसमें सिहोर जिले के समस्त बालक एवं बालिका वर्ग में पहलवानों का बजन कर प्रतियोगिता की शुरुआत की गई। जिसका शुभारंभ भाजपा के जिला अध्यक्ष नरेश मेवाडा, नगरपालिका अध्यक्ष प्रिंस विकास राठौर और वरिष्ठ भाजपा नेता गौरव सन्नी महाजन द्वारा किया गया। इस अवसर पर कुश्ती संघ के अध्यक्ष विनय भटेले, सचिव प्रदीप वशिष्ठ, नगर अध्यक्ष पप्पू धाडी, कोच लोकेश परमार, प्रभात मेवाडा, आवासीय विद्यालय के प्राचार्य आलोक शर्मा निर्णायक कमेटी और रेफरी के रूप में विश्वामित्र अवार्ड शाकिर नूर कोच विक्रम अवार्ड फातिमा बानो, राष्ट्रीय रेफरी अब्दुल उमर अताउल्ला खान, एनआईएस कोच दीपक वैष्णव उपस्थित रहे।

### शांति समिति की बैठक, धारा 163 बीएनएसएस लागू 28 दिसंबर को नहीं होगा कोई आंदोलन

**आष्टा।** थाना आष्टा अंतर्गत शांति समिति की बैठक सम्पन्न हुई। बैठक में दिनांक 21 दिसंबर को हुई घटना तथा बाहर के लोगों द्वारा आष्टा आकर बार-बार विवादित बयान देकर शांति व्यवस्था बिगाड़ने के प्रयास एवं 28 दिसंबर को पुनः आंदोलन के आह्वान पर विस्तार से चर्चा की गई।बैठक में सर्वसम्मति से सभी धर्म एवं वर्ग के लोगों द्वारा 28 दिसंबर के किसी भी प्रकार के आंदोलन, बंद, धरना अथवा प्रदर्शन को नकार दिया गया। समिति के सदस्यों ने कहा कि आष्टा के नागरिक शांति प्रिय हैं और नगर में कोई आंदोलन नहीं होगा। सभी ने पुलिस प्रशासन पर पूर्ण विश्वास जताते हुए कहा कि वे कानून के तहत निष्पक्ष कार्रवाई करेंगे तथा शांति बनाए रखने में पूर्ण सहयोग करेंगे। साथ ही यह भी निर्णय लिया गया कि बाहर से किसी भी व्यक्ति को आकर शांति भंग करने नहीं दिया जाएगा।कानून-व्यवस्था की दृष्टि से आष्टा क्षेत्र में भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता की धारा 163 लागू की गई है। बैठक के पश्चात विधायक, नगर पालिका अध्यक्ष एवं गणमान्य नागरिकों द्वारा नगर में शांति मार्च निकालकर आमजन को शांति एवं सौहार्द का संदेश दिया गया।

### तहसील के हर गांव में लगाया फॉर्मर रजिस्ट्री शिविर



**जावर।** शासकीय योजनाओं का लाभ प्रत्येक किसानों तक पारदर्शी तरीके से पहुंचाने के उद्देश्य से सभी किसानों द्वारा फॉर्मर करवाया जाना बेहद जरूरी है। प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि, फसल बीमा, और अन्य सरकारी योजनाओं का लाभ आसानी से और पारदर्शिता के साथ मिल सके तथा भविष्य में योजनाओं का लाभ उठाने के लिए फार्मर रजिस्ट्री अत्यंत उपयोगी है। फसल बीमा, क्षतिपूर्ति और आपदा राहत में भी फार्मर रजिस्ट्री से आसानी होगी। इससे ऋण और सब्सिडी, डिजिटल केसीसी और खाद सब्सिडी का लाभ किसानों को आसानी से मिल सकेगा। ई-विकास पोर्टल से उर्वरक वितरण एवं पशुपालन विभाग सहित विभिन्न विभागों की योजनाओं को फॉर्मर रजिस्ट्री से जोड़ा जा रहा है।प्रत्येक किसान द्वारा अपनी भूमि की फॉर्मर आईडी बनवाने और जागरूकता के लिए तहसील जावर के प्रत्येक ग्राम में फॉर्मर रजिस्ट्री कैंप आयोजित किए जा रहे है। इन कैंपों में पहुंचकर तहसीलदार जावर ओमप्रकाश चोरमा किसानों को जागरूक कर रहे है। ग्राम मुंडला मोहब्बा, अतरालिया, करमन खेड़ी, अरनिया गाजी में पहुंचकर तहसीलदार द्वारा किसानों को फॉर्मर रजिस्ट्री की आवश्यकता एवं उपयोगिता से अवगत कराया। उन्होंने इस कार्य में स्थानीय जनप्रतिनिधियों से महती भूमिका अदा करने का अनुरोध किया। कैंप में पटवारी हिमांशु अवलेशिया, भवरसिंह उदाना, विवेक धाकड़, आशीष सातले तथा लोकल यूथ सहित ग्राम कोटवार एवं ग्रामवासी उपस्थित रहे।

# इस लोक से परलोक का रास्ता सिर्फ भक्ति के माध्यम से ही प्राप्त होता हैः रामस्वरूपाचार्य

हरिभूमि न्यूज ⏭ आष्टा



स्थानीय श्री मानस भवन में चल रही पंचदिवसीय मानस सम्मेलन विश्राम दिवस अवसर पर पूज्य संत कादमगिरि पीठाधीश्वर जगद्गुरु रामस्वरूपाचार्य जी महाराज के सानिध्य में उपस्थित मानस सम्मेलन समिति के सदस्यों व उपस्थित जनप्रतिनिधियों द्वारा विधिवत मंत्रोच्चार के साथ पादुका पूजन व्यास पूजन किया गया। नगरपालिका अध्यक्ष प्रतिनिधि राय सिंह मेवाड़ा, पार्षद रवि शर्मा, देवी सिंह काकाजी, सोनू गुणवान, धनरुपमल काकाजी, भेरूसिंह माखनलाल पाटीदार, अनिल धनगर, किरण सोनी, अनीता राठौर, एवं शीतला माता समिति सदस्य, खेड़ापति मंडल सदस्य आदि अनेक समाजसेवियों ने पूज्य संत का स्वागत कर आशीर्वाद प्राप्त किया। मानस सम्मेलन के विश्राम दिवस पर पूज्य संत द्वारा उनके श्रीमुख से राम कथा का श्रवण कराया गया। संत श्री ने आज को कथा माता सबरी से प्रारंभ की। संत श्री ने बताया कि माता सर्बी का भक्ति के प्रति आर्कषण था। इस लोक से परलोक का रास्ता सिर्फ भक्ति के माध्यम से ही प्राप्त होता है। संत श्री भक्ति के अलग अलग रूप की व्याख्या की। जिसमें संत का समागम, भक्त का मन ओर संतो की सेवा को भक्ति का अभिन्न रूप बताया। आज राम कथा में सैकडो की संख्या में पधारे भक्तगण श्रद्धालुगणो ने संत के श्रीमुख से भक्तिमय राम कथा का श्रवण किया। कथा के विराम दिवस पर पूज्य संत ने बताया कि राम कथा अविरल है यह सतत चलती रहेगी, ओर मानस भवन को जिस उददेश से निर्माण हुआ है, वह भी सार्थक हुआ है, प्रतिवर्ष इसी तरह नगर में मानस सम्मेलन चलता रहेगा। मानस सम्मेलन के विश्राम दिवस पर आज श्री मानस भवन आष्टा में भक्तो का जन सैलाब देखने को मिला। दूर ग्रामीण एवं नगर के अनेक माता, बहने, बुजर्ग, युवा सभी लोगो ने आज विश्राम दिवस पर पधारकर धर्म लाभ कमाया।

# संस्कृति उमावि में हुआ स्पोर्ट्स डे का आयोजन विद्यार्थी जीवन में शिक्षा के साथ-साथ खेल भी आवश्यक हैः रायसिंह मेवाड़ा

हरिभूमि न्यूज ⏭ आष्टा




नगर की स्थानीय संस्कृति उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में स्पोर्ट्स-डे का आयोजन नपाध्यक्ष प्रतिनिधि रायसिंह मेवाड़ा के मुख्य आतिथ्य, प्राचार्य सर्वेश भट्नागर, पार्षद रवि शर्मा की विशेष अतिथि में किया गया।

प्राचार्य सर्वेश उपाध्याय ने जानकारी देते हुए बताया कि स्पोर्ट्स-डे लगातार तीन दिन तक विद्यार्थियों द्वारा आयोजित किया जाएगा, जिसमें विभिन्न खेलों की गतिविधियां संचालित की जाएगी। स्पोर्ट्स-डे का प्रारंभ नपाध्यक्ष प्रतिनिधि रायसिंह मेवाड़ा सहित अतिथियों द्वारा मां सरस्वती की प्रतिमा पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्जवलित कर किया गया। तत्पश्चात शाला के शिक्षक-शिक्षिकाओं द्वारा अतिथियों का स्वागत सम्मान किया। आयोजन में स्कूली विद्यार्थियों ने पृथक-पृथक खेल गतिविधियों में बढ़-चढ़कर सहभागिता की। नपाध्यक्ष प्रतिनिधि रायसिंह मेवाड़ा ने उपस्थित विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि जिस प्रकार भविष्य संवारने के लिए शिक्षा आवश्यक है, उसी प्रकार खेल भी आवश्यक है, क्योंकि खेल में उत्कृष्टता प्राप्त करने पर शारीरिक मजबूती के साथ-साथ ख्याति प्राप्त होती है। हमारे देश के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी जी द्वारा खिलाड़ियों को आगे बढ़ाने के लिए अनेक प्रयास कर रहे है। कुछ माह पूर्व पैरा ओलम्पिक में देश के अपंग खिलाड़ियों ने देश का मान विश्व में बढ़ाया और उनकी इस सफलता के फलस्वरूप प्रधानमंत्री द्वारा उनका सम्मान किया गया। यह हमारे बदलते भारत की तस्वीर है। जिस खेल में आपकी रूचि है उस खेल को आप पूरी निष्ठा व लगन के साथ खेले और अपना भविष्य उज्जवल करें। शिक्षक व पालकगण आपको आगे बढ़ने का रास्ता प्रशस्त करते है, सही और गलत रास्ते का चयन आपको तय करना है। प्राचार्य सर्वेश उपाध्याय ने बच्चों को मोबाइल गेम्स से होने वाले दुष्प्रभाव के बारे में जानकारी दी और आउट डोर गेम्स से शारीरिक एवं मानसिक विकास होने के प्रति सभी को जागरूक किया।

इस अवसर पर नपाध्यक्ष प्रतिनिधि रायसिंह मेवाड़ा, पार्षद रवि शर्मा, प्राचार्य सर्वेश उपाध्याय, महेन्द्रसिंह परिहार, अनिता ताम्रकार, दिलीप शास्त्री, प्रदीप भुमरकर, हीरा चंदनानी, विकास महेश्वरी, महेन्द्रसिंह ठाकुर, इंदर धनगर, रिजवान सिद्दीकी, अरविन्द मालवीय, रितेश महेश्वरी, श्वेता सक्सेना, राजलक्ष्मी, अर्चना पालीवाल, अनिता बुधवन्त, ऋतिक जैन, आशा मेवाड़ा, शीतल ठाकुर, नैंसी ताम्रकार, पूर्णिमा कुशवाह, अनम शेख आदि मौजूद थे।

# मुनि विश्वसूर्य सागर व मुनि साध्य सागर का नगर में मंगल प्रवेश

हरिभूमि न्यूज ⏭ आष्टा




दिगम्बर जैन संत आचार्य विराग सगर तथा आचार्य विधुद्ध सागर महाराज के शिष्य मुनि श्री विश्वसूर्य सागर तथा मुनि साध्य सागर का मंगल प्रवेश नगर में हुआ । पूर्व नपाध्यक्ष कैलाश परमार ने दिगम्बर जैन पूर्वाध्यक्ष यतेंद्र जैन, प्रभु प्रेमी संघ के महासचिव प्रदीप जैन प्रगति समाज सेवी नरेंद्र जैन गंगवाल , एडवोकेट पल्लव प्रगति सहित मुनिद्वय की चरण पखार कर अगवानी की ।

मुनि द्वय के आगमन से नगर में हर्ष व्याप्त है । तपोनिधि मुनि विश्वसूर्य सागरजी महाराज तथा वात्सल्य ऋषि मुनि साध्यसागर ने कहा कि धर्म आत्मा के कल्याण के लिए है जो सन्मार्ग पर चलेगा वही अपनी आत्मा का कल्याण करेगा । मुनि द्वय ने अचार विचार और व्यवहार की शुचिता पर जोर देते हुए कहा कि हृदय की सरलता और सादगी पूर्ण जीवन जीना ही धर्म मार्ग पर चलना है। इसके पूर्व गगनभेदी जय जयकारो के साथ सेकड़ो की संख्यां में एकत्रित हुए श्रावक गण मुनि श्री के नगर प्रवेश पर अगवानी में शामिल हो कर किला मन्दिर पहुंचे, जैन समाज के अध्यक्ष आनंद पोरवाल महा मंत्री कैलाश जैन चित्र लोक भजन गायक शरद जैन सहित भारी संख्या में समाज जन उपस्थित रहे।

### भक्ति, ज्ञान, वैराग्य व त्याग की प्रेममयी कथा का नाम है भागवत कथा

# भागवत कथा में गोपी और गीत का किया वर्णन

हरिभूमि न्यूज ⏭ जावर



श्रीमद् भागवत कथा के द्वितीय दिवस का आयोजन अत्यंत श्रद्धा, भक्ति और शांति के वातावरण में संपन्न हुआ। कथा स्थल पर बड़ी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित रहे और उन्होंने भाव-विभोर होकर कथा श्रवण किया। कथा प्रवक्ता पूज्य सुनीलकृष्ण जी व्यास (बेरछा वाले) ने द्वितीय दिवस के प्रसंगों का विस्तार से वर्णन करते हुए कहा कि "श्रीमद् भागवत कथा केवल एक ग्रंथ नहीं, बल्कि भक्ति, ज्ञान, वैराग्य और त्याग की प्रेममयी धारा है। उन्होंने गोपी गीत का भावपूर्ण वर्णन करते हुए कहा कि "गोपी गीत श्रीमद् भागवत कथा का प्राण है, जिसमें भगवान श्रीकृष्ण के प्रति गोपियों का निष्काम, निश्छल और सर्वोच्च प्रेम प्रकट होता है। पं. व्यास ने राजा परीक्षित के जन्म का प्रसंग सुनाते हुए बताया कि किस प्रकार उत्तरा के गर्भ की रक्षा स्वयं भगवान श्रीकृष्ण ने की और वहीं से राजा परीक्षित का जन्म हुआ, जो आगे चलकर श्रीमद् भागवत कथा के महान श्रोता बने। द्वितीय दिवस की आरती एवं प्रसादी के यजमान रामलाल पांचाल (झुटावद वाले), दिलीप पांचाल, धर्मेंद्र पांचाल, मुकेश पांचाल एवं पांचाल परिवार रहे। यजमानों द्वारा श्रद्धा भाव से आरती एवं प्रसादी का आयोजन किया गया। कथा के दौरान श्रद्धालुओं ने भजन-कीर्तन में भाग लिया और पूरा वातावरण भक्ति रस से सराबोर हो गया। द्वितीय दिवस की कथा ने श्रोताओं के हृदय में भक्ति और वैराग्य की गहरी छाप छोड़ी। श्रीमद् भागवत कथा में सभी नगर वासीयों ने उपस्थित होकर धर्म लाभ प्राप्त किया उक्त जानकारी नगर के सामाजिक कार्यकर्ता सचिन भंडारी ने दी।

# जन शिक्षा केंद्र में हुआ शैक्षिक संवाद

हरिभूमि न्यूज ⏭ जावर




जन शिक्षा केन्द्र जावर में हुआ शैक्षिक संवाद जिसमें जन शिक्षा केन्द्र के समस्त मिडिल स्कूल में पढ़ाने वाले शिक्षक एवं कक्षा 3 से 5 से पढ़ाने वाले शिक्षक सम्मिलित हुए सहज करता रीना पाटीदार एवं गजराज सिंह बागवान एवं राजेंद्र सिंह ठाकुर ने रोचक तरीके से प्रशिक्षण दिया उक्त जानकारी शिक्षक गोपाल ठाकुर ने दी।